## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 18.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)

### मुख्य समाचार

1. विधानसभा के बजट सत्र का आज अंतिम दिन, सरकार की ओर से कई महत्वपूर्ण विधेयक सदन में किये जा सकते हैं पेश।
2. राज्य के सभी 24 जिलों में जल्द शुरू होगी टेली–आईसीयू सेवा; एआई तकनीक से रिम्स के विशेषज्ञ करेंगे गंभीर मरीजों का इलाज।
3. डीजीपी तदाशा मिश्रा ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर की सुरक्षा और विधि–व्यवस्था की उच्च स्तरीय समीक्षा, ड्रोन और सीसीटीवी से एरियल सर्विलांस के दिए सख्त निर्देश।
4. रांची समेत कई जिलों में आंधी के साथ गिरे ओले; मौसम विभाग ने 21 मार्च तक जारी किया वज्रपात का येलो अलर्ट।
5. भुवनेश्वर में झारखंड की वॉलीबॉल टीम का शानदार प्रदर्शन, चंडीगढ़ को 3–1 से हराकर क्वार्टर फाइनल की ओर बढ़ाया कदम।

*********************

विधानसभा के बजट सत्र का आज अंतिम दिन है। सरकार की ओर से कई महत्वपूर्ण विधेयक सदन के पटल पर रखे जा सकते है और वह उन्हें पारित करने का प्रयास करेगी। परंपरा के अनुसार, सत्र के समापन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सदन को संबोधित करेंगे, जिसमें राज्य के विकास के रोडमैप और हालिया घोषणाओं का जिक्र हो सकता है।

*********************

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि मोदी सरकार ने देश में वोट बैंक की राजनीति के बजाय प्रदर्शन आधारित राजनीति की शुरुआत की है। लोकसभा में रेल मंत्रालय की अनुदान मांगों पर हुई चर्चा का उत्तर देते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने पिछले एक दशक में रेलवे में बड़े बदलाव किए हैं।

*********************

राज्य सरकार सभी 24 जिलों में टेली–आईसीयू सेवा शुरू करने जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी सदर अस्पतालों को इस व्यवस्था को जल्द लागू करने के निर्देश दिए हैं। वर्तमान में रांची, गुमला, सिमडेगा और चतरा सहित पांच जिलों में यह सेवा सफलतापूर्वक चल रही है, जिसका मेंटर रिम्स है। इस एआई आधारित तकनीक के जरिए रिम्स के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर छोटे जिलों के गंभीर मरीजों को परामर्श सीधे दे सकेंगे।

*********************

इधर रांची के सदर अस्पताल में गंभीर रूप से बीमार बच्चों को बेहतर और विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल परिसर में पीआईसीयू का निर्माण किया जा रहा है। इस नई यूनिट के शुरू होने से अब नवजातों और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे बच्चों को निजी अस्पतालों या रिम्स रेफर करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सिविल सर्जन डा. प्रभात कुमार ने बताया कि यहां आधुनिक जीवन रक्षक उपकरणों के साथ–साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती की जाएगी।

*********************

राज्य की पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्र ने पुलिस मुख्यालय में आगामी त्योहारों, ईद, सरहुल और रामनवमी, को लेकर सुरक्षा और विधि–व्यवस्था की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल हुए। डीजीपी ने सभी जिलों के पुलिस कप्तानों को सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने और असामाजिक तत्वों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए। सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के तहत धार्मिक स्थलों और जुलूस मार्गों पर ड्रोन एरियल सर्विलांस और सीसीटीवी के जरिए निगरानी रखी जाएगी।

*********************

भारत जनजाति महोत्सव 2026 आज से राष्ट्रीय राजधानी में शुरू हो रहा है। इस महोत्स व में आदिवासी समुदायों की सांस्कृतिक विरासत और उद्यमिता प्रदर्शित की जाएगी। इसका आयोजन भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ द्वारा सुंदर नर्सरी में किया जा रहा है। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम इसका उद्घाटन करेंगे। यह महोत्सव 30 मार्च तक चलेगा। महोत्सव में देश–भर के 78 वन–धन विकास केंद्रों के 200 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे और 300 से अधिक जनजातीय कारीगर शामिल होंगे।

*********************

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जामताड़ा जिले में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान छात्र–छात्राओं को टीबी के लक्षणों, इससे बचाव के उपायों और सरकार द्वारा दी जाने वाली निःशुल्क उपचार सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने टीबी मुक्त समाज बनाने की शपथ ली। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं के माध्यम से समाज में टीबी के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करना है।

*********************

हजारीबाग में रामनवमी का उत्साह चरम पर है। होली के बाद दूसरे मंगलवार को शहर में भव्य मंगला जुलूस निकाली गयी। पारंपरिक हथियारों से लैस राम भक्तों ने विभिन्न अखाड़ों के साथ झंडा चौक और महावीर स्थान तक शोभायात्रा निकाली। इस अवसर पर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने भी समर्थकों के साथ शौर्य प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि 24 मार्च को शहर में भव्य मुख्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

*********************

राज्य भर में मौसम में बदलाव का दौर जारी है। राजधानी रांची, गुमला, लोहरदगा और धनबाद समेत राज्य के कई हिस्सों में कल तेज हवा के साथ ओलावृष्टि और बारिश दर्ज की गई। तेज बारिश और ओलावृष्टि से सब्जियों और गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक वज्रपात और आंधी का येलो अलर्ट जारी किया है।

*********************

भुवनेश्वर में चल रही 26वीं यूथ नेशनल वॉलीबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की टीम ने चंडीगढ़ को 3–1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की है। इस जीत के साथ ही झारखंड की युवा टीम ने क्वार्टर फाइनल की ओर मजबूती से कदम बढ़ा दिए हैं।

*********************

खेल जगत से एक और बड़ी खबर। रांची के अमित कुमार ने ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित सारक प्रो–एएम बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अमित ने अपनी कड़ी मेहनत और बेहतरीन प्रदर्शन के बल पर शीर्ष स्थान हासिल किया।

*********************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– वीसी नियुक्ति विवाद खत्म, अब राज्यपाल–सीएम साथ फैसला लेंगे।

प्रभात खबर की सुर्खी है– पतरातू थर्मल की 800 मेगावाट की दूसरी यूनिट ग्रिड से जुड़ी।

हिन्दुस्तान लिखता है– सीबीएसई 10वीं की दूसरी बोर्ड परीक्षा के लिए आवेदन आज से।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– मुख्यमंत्री ने दिये इको टूरिज्म के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश।

*********************